# मवाना मैराथन 17 फरवरी को

नई दिल्ली, 7 फरवरी (भाषा)। मवाना शुगर इंडियन ओपन मैराथन यहां आगामी 17 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इंडिया गेट से शुरू होकर यहीं पर समाप्त होने वाली इस दौड़ में बारह हजार धावकों के भाग लेने की उम्मीद है।

मवाना शुगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीराम ने गुरुवार को यहां बताया कि इस दौड़ के पुरुष व महिला दोनों वर्ग के विजेता को बराबर ढाई-ढाई लाख रुपए इनाम के तौर पर दिया जाएगा जबकि दूसरे स्थान पर आने वाले धावक को एक-एक लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले को पचास हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह पहले बीस धावकों के लिए इनाम रखा गया है।

उषा इंटरनेशनल के सहयोग और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वाधान में होने वाले इस टूर्नामेंट में हाफ मैराथन जीतने वाले पुरुष और महिला दोनों वर्गों को बराबर सत्तर हजार रुपए दिए जाएंगे इसी तरह पहले तीस स्थान तक के धावकों को इनाम दिया जाएगा। वेटरन वर्ग के पुरुष (45 साल से ज्यादा) के विजेता को बीस हजार और महिला वर्ग (40 साल से ज्यादा) के विजेता को भी बीस हजार और इसी तरह हाफ मैराथन के इस वेटरन वर्ग में पहले दस के विजेताओं को इनाम दिया जाएगा। श्रीराम ने बताया कि इस मैराथन में भाग लेने वाले 11 फरवरी तक आन लाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। मैराथन में दिल्ली पुलिस, सेना, भारतीय वायु सेना और अर्ध सैनिक बलों के धावक भी भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट इंडिया गेट से शुरू होकर विजय चौक, पार्क होटल, कनाट प्लेस, संसद मार्ग से होते हुए टालस्टाय मार्ग से वापस इंडिया गेट पर समाप्त होगी।